# राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर

(राज्य सरकार का स्वयंपाठी शिक्षार्थियों का बोर्ड)

एकलव्य भवन

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राज.) 302015

फोन : 0141–5150936 फैक्स : 0141 – 2705067

Website: http://www.rsos.rajasthan.gov.in e-mail: rajasthansos@gmail.com


क्रमांकः प 10 (33) परीक्षा/2014–15 -17191-17550 दिनांक :-14.03.17

**केन्द्राधीक्षक एवं संस्था प्रधान**

रा.उ.मा.वि./रा.मा.वि./रा.बालिका.उ.मा.वि./रा.बालिका.मा वि.

.....................................................................................

.....................................................................................(राज0)

**विषयः– मार्च–मई, 2017 की परीक्षा आयोजन के क्रम में महत्वपूर्ण निर्देश।**

परीक्षा आयोजन हेतु अति महत्वपूर्ण निम्न बिन्दुओं पर ध्यान देवें:–

1. आरएसओएस की सैकण्डरी एवं सीनियर सैकण्डरी की सैद्धान्तिक परीक्षाएं **30 मार्च, 2017** से प्रारम्भ हो रही हैं। इस हेतु आपके केन्द्र को आवंटित शिक्षार्थियों की संख्या शीघ्र Website पर अपलोड करवा दी जायेंगी तदानुसार व्यवस्था करायें।
2. प्रायोगिक परीक्षाओं का संचालन कार्यक्रमानुसार निर्धारित तिथियों में करवाया जायें। प्रायोगिक परीक्षा हेतु परिक्षार्थियों को सूचना देना सुनिश्चित कर लें। कोई भी परीक्षार्थी सूचना से वंचित न हों।
3. परीक्षाओं से पूर्व केन्द्राधीक्षक निर्देश पुस्तिका जो कि पूर्व की परीक्षा में आपको उपलब्ध करवाई गई थी, का भली भाँति अध्ययन कर लें।
4. **प्रश्न पत्रों का मिलान केन्द्र पर आवंटित परीक्षार्थी संख्या से अवश्य कर लें। यदि प्रश्न पत्रों की, परीक्षार्थी संख्या एवं विषयानुरूप उपलब्धता नहीं हो तो आरएसओएस के दूरभाष न0 0141–5150936, 5150931 व फैक्स न0 0141–2507067 पर सूचित करते हुए RSOS के MAIL:** rajasthansos@gmail.com **पर लिखित में सूचना दें तथा सम्पर्क कर प्रश्न–पत्र की प्राप्ति सुनिश्चित करें।**
5. उत्तरपुस्तिकाओं की उपलब्धता सैकण्डरी एवं सीनियर सैकण्डरी की अलग–अलग आवंटित परीक्षार्थी संख्या के अनुसार सुनिश्चित कर लें।
6. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) से सम्पर्क कर पर्यवेक्षक की नियुक्ति अवश्य कराऐं।
7. **माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा के भाषा विषयों के अतिरिक्त सभी प्रश्न–पत्र हिन्दी व अंग्रेजी में मुद्रित हैं।**
8. **प्रश्न–पत्र एक ही सेट में होंगे। अतः बैठक व्यवस्था माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर के अनुरूप होगी।**
9. परीक्षा केन्द्र पर वीक्षक व फर्नीचर कम होने पर निकट के विद्यालय से संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (मा0शि0) के माध्यम से व्यवस्था कराएँ।
10. नियत प्रक्रिया अनुसार माह मार्च–मई, 2017 की परीक्षा में जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों के प्रश्न–पत्रों के बन्द बक्स पोस्ट ऑफिस के माध्यम से Insured Parcel से सीधे ही आपके पास पहुँचेंगे उन्हें आप द्वारा संबंधित पुलिस स्टेशन/चौकी तक बोर्ड प्रश्न–पत्रों

की भाँति पुलिस स्टेशन/चौकी पर सुरक्षित रखेगें यह आपकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। अतः प्रश्न–पत्रों के लिए आलमारी प्रश्न–पत्र प्राप्त होने की तिथि से पूर्व आप द्वारा बताये गये पुलिस स्टेशन/चौकी पर रखवाया जाना सुनिश्चित करें। प्रश्न–पत्र दिनांक 21 से 23 मार्च, 2017 के मध्य जयपुर से रवाना किये जाएंगें। अतः उक्त अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा थाने में प्रश्न–पत्रों को विषयवार, कक्षावार व दिनांक वार जाँच कर जमा कर सील चस्पा कर पूर्ण सुरक्षा एवं संरक्षा के साथ रखें।

11. Insured Parcel से प्राप्त प्रश्न–पत्रों की प्राप्ति की सूचना तत्काल ईमेल के माध्यम से इस कार्यालय को ओपन स्कूल की ईमेल rajasthansos@gmail.com पर सूचित करें तथा प्रपत्र प्रश्न पत्रों का लेखा–जोखा जो कि आपको Packet में मिलेगा उसकी एक प्रति डाक से इस कार्यालय को भिजवाएँ।

12. प्रश्न–पत्र वांछित संख्या से अधिक भेजे जाते हैं परन्तु यदि अपरिहार्य स्थिति में कोई प्रश्न–पत्र कम निकलें और कुछ परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र नहीं दिये जा सकें तो उन्हें अलग कमरे में बिठा कर प्रश्न–पत्र को लिखवा दें और जितना समय उनको लिखने में लगे उतना ही समय अतिरिक्त दे दिया जाये। इसकी सूचना सचिव आरएसओएस को दी जावे। अतिरिक्त समय उन परीक्षार्थियों को नहीं दिया जाए जिन्हें मुद्रित प्रश्न–पत्र दिये गये हैं तथा परीक्षा समाप्ति तक प्रश्न–पत्र बाहर नहीं ले जाने दें। सभी परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र सम्पूर्ण केन्द्र की परीक्षा समाप्ति पर दिए जाएँ।

13. **उत्तर पुस्तिकाएँ भिजवाने संबंधी निर्देश –**

01. माध्यमिक व उच्च माध्यमिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का अलग–अलग बण्डल बनायें।

02. इन बण्डल के साथ उत्तरपुस्तिकाओं के ऊपर Centre wise Signature attendence roll (केन्द्रवार परीक्षार्थी हस्ताक्षरित उपस्थिति पत्रक) रखें।
    नोट :–उ.पु. बण्डल के साथ उक्त उपस्थिति पत्रक के अलावा अन्य कोई भी प्रपत्र न रखें।

03. अगर उक्त दोनों परीक्षाओं के उ.पु. की संख्या 200 से कम है तो माध्यमिक व उच्च माध्यमिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के बनायें गए दोनों बण्डल एक कपड़ें के बण्डल में सील करवायें।

04. अगर उक्त दोनों परीक्षाओं के उ.पु. की संख्या 200 से ज्यादा है तो माध्यमिक व उच्च माध्यमिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के बनायें गए दोनों बण्डलों को अलग–अलग कपड़ें के बण्डल में सील करवायें।

05. इन बण्डल को 100/–रू. के बीमित रजिस्टर्ड पार्सल द्वारा सहायक निदेशक (गोपनीय) राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, एकलव्य भवन, डॉ. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर–302015 के पते पर भिजवायें।
    उ.पु. के बण्डल पर निर्धारित Address tag समस्त पूर्ति के साथ चिपकायें।

06. उत्तरपुस्तिकाओं का बण्डल हर संभव परीक्षा दिवस के दिन ही कार्यालय को प्रेषित करें। अगर किसी परिस्थितिवश यह संभव नहीं हो तो उ.पु. के बण्डल को अलमारी में केन्द्राधीक्षक, पर्यवेक्षक, परीक्षा प्रभारी के संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त सील चस्पा कर चौकीदार की सुरक्षा में रखें व अगले दिन अवश्य प्रेषित करें।

07. अप्रयुक्त प्रश्न पत्र किसी भी स्थिति में नहीं भेंजे बल्कि इन्हें परीक्षा समाप्ति के पश्चात् किसी भी निकटतम् आरएसओएस संदर्भ केन्द्र पर भिजवायें। ताकि नया रजिस्ट्रेशन करवाने वाले विद्यार्थियों के लिये उपयोग में लिया जा सके।

08. परीक्षा समाप्ति के पश्चात् Annexure G-I, G-II, H, I, J, मा/उमा परीक्षा के फोटो युक्त उपस्थिति पत्रक, सतर्कता पर्यवेक्षक पत्रक आदि प्रपत्रों का एक पृथक बण्डल बनाकर सचिव महोदय के नाम से इस कार्यालय में प्रेषित करें। लिफाफे के ऊपर संबंधित प्रपत्र का उल्लेख अवश्य करें।

09. किसी भी प्रकार के व्यय से संबंधित बिल या प्रपत्र अलग लिफाफे में सहायक निदेशक (लेखा) के नाम से इस कार्यालय में प्रेषित करें। लिफाफे के ऊपर संबंधित प्रपत्र का उल्लेख अवश्य करें।

## प्रायोगिक उ.पु./OMR Sheets भिजवाने संबंधी निर्देश :–

1. अपने केन्द्र पर सभी प्रायोगिक परीक्षायें सम्पन्न होने के 3 दिन पश्चात् तक माध्यमिक व उच्च माध्यमिक परीक्षा की OMR Sheets की RSOS Copy व Firm Copy को 100/–रू. के बीमित रजिस्टर्ड पार्सल द्वारा सहायक निदेशक (गोपनीय) राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, एकलव्य भवन, डॉ. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, जे.एल. एन. मार्ग, जयपुर–302015 के पते पर भिजवायें। OMR Sheets की Exam centre copy अपने विद्यालय में सुरक्षित रखें।

2. माध्यमिक व उच्च माध्यमिक परीक्षा की सभी विषयों की प्रायोगिक उत्तरपुस्तिकाऐं अलग बण्डल बनाकर परीक्षा समाप्ति के 07 दिन पश्चात् सहायक निदेशक (गोपनीय) के नाम से इस कार्यालय में प्रेषित करें।

**विशेष** – प्रायोगिक उत्तरपुस्तिकाएँ किसी भी स्थिति में OMR Sheets के साथ प्रेषित न करें।

15. प्रायोगिक परीक्षा के लिए यदि विद्यालय में उस विषय का परीक्षक नहीं हैं तो संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) के माध्यम से परीक्षक नियुक्त कराएँ।
   1. प्रायोगिक परीक्षा हेतु कक्षा 10 व 12 के Practical mannual का RSOS की Website पर अवलोकन करें।
   2. किसी भी स्थिति में OMR Sheets पर रोल नं. अंकित ना करे जिन छात्रों के नामांक OMR Sheets में नहीं है उनके अंक पृथक कागज पर लिख कर भिजवावें।(A4 Size के कागज पर )
   3. जिन परीक्षार्थियों के Roll No. Award List में हैं यदि वे पूर्व में उत्तीर्ण है तो Award List में Roll No. के सामने पूर्व में उत्तीर्ण अथवा अन्य जो भी कारण हों लिखें। अवार्ड लिस्ट खाली न भेजें। उस पर संदर्भ केन्द्र प्रभारी के हस्ताक्षर मय सील हों।

16. परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी एवं परीक्षा संबंधित प्रपत्र राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर की वेबसाईट पर देखें।

आपके केन्द्र से संबंधित परीक्षा सामग्री शीघ्र ही भिजवाई जा रही है।

14/3/17

(महेश चन्द्र गुप्ता)
सचिव
राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल
जयपुर

क्रमांकः प 10 (33) परीक्षा/2014–15 –17191–17550 दिनांक :– 14.03.17

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–
(1) समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक)
(2) कार्यालय प्रति

सचिव
राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल
जयपुर